# राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर (JECC) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन, 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो **का उद्घाटन किया।**

## मुख्य बिंदु

- **वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024:**
  - निवेश शिखर सम्मेलन का **विषय "पूर्ण, ज़िम्मेदार, तैयार (Replete, Responsible, Ready)"** है, जिसमें सतत् खनन, जल सुरक्षा **और महिलाओं के नेतृत्व वाले** स्टार्टअप पर चर्चा की जाएगी।
  - 32 से अधिक देश और 20 अंतर्राष्ट्रीय संगठन विषयगत सत्रों और प्रदर्शनियों में शामिल होंगे, जिनमें राजस्थान की क्षमता का प्रदर्शन किया जाएगा।
- **राजस्थान की विकास संभावनाएँ:**
  - राजस्थान में महत्त्वपूर्ण खनिज भंडार, विशाल प्राकृतिक संसाधन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जो इसे एक **निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करती है।**
  - राजस्थान को दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है, जिससे औद्योगिक लॉजिस्टिक्स में सुधार हो रहा है।
  - रणथंभौर और जयपुर जैसे अद्वितीय आकर्षणों के साथ, राजस्थान वन्यजीव, विरासत **और** साहसिक पर्यटन **का केंद्र है।**
- **नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण में भूमिका:**
  - राजस्थान बड़े सौर पार्कों **के साथ** भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों **में योगदान दे रहा है,** जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य को पूरा करेगा।
  - मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजनाओं के तहत, राजस्थान ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में क्षमता निर्माण कर रहा है।
- **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME):**
  - राजस्थान **MSME क्षेत्र में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल है,** जहाँ 27 लाख से अधिक इकाइयाँ 50 लाख लोगों को रोज़गार प्रदान कर रही हैं।
  - नई MSME नीतियों और आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना जैसी ऋण योजनाओं ने वर्ष 2014 से MSME के लिये ऋण प्रवाह को दोगुना कर दिया है।
  - राजस्थान में MSME वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS)

- ECLGS को कोविड-19 संकट के उत्तर में केंद्र के आत्मनिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में 2020 में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य देशव्यापी लॉकडाउन के कारण **अपनी परिचालन देनदारियों को पूरा करने के लिये संघर्ष कर रहे छोटे व्यवसायों को सहायता प्रदान करना था।**
- **राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (NCGTC) द्वारा** सदस्य ऋणदाता संस्थाओं (MLI)- बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को 100% गारंटी प्रदान की जाती है।
- योजना के अंतर्गत **जिस ऋण उत्पाद के लिये गारंटी प्रदान की जाएगी, उसका नाम 'गारंटीकृत आपातकालीन ऋण लाइन (GECL)' होगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rising-rajasthan-global-investment-summit-2024